पर्चा डिक्री

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक कलक्टर टिब्बी, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी :–श्री सत्यनारायण आर.ए.एस.

करण संख्या – 392/2024

नवान : –

1. विपिन कुमार पुत्र श्रवण जाति जाट निवासी बशीर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।
2. गुलाब देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजेन्द्र कुमार जाति जाट निवासी बशीर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ ।

वादीगण

बनाम्

1. श्रवण कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजेन्द्र कुमार जाति जाट निवासी बशीर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।
2. शारदा देवी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजेन्द्र कुमार पत्नी विनोद कुमार जाति जाट निवासी रुपाना तहसील व जिला सिरसा ।
3. सुमन पुत्री राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजेन्द्र कुमार पत्नी विजयपाल जाति जाट निवासी मटोरियां वाली ढाणी तहसील व जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादीगण

दावा बाबत घोषणा अन्तर्गत धारा

88,राजस्थान काश्तकारी अधि0 1955

डिक्री दिनांक 19.12.24

आज यह वाद मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष वकील वादी श्री महेश गौड व वकील प्रतिवादी श्री सुनील शर्मा अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादी की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है चकनं० 1 एफटीपी बी के खाता सं0 102/86 में कुल 1.018 है0 नहरी आराजी में वादीया सं0 2 व प्रतिवादीगण सं0 1 ता 3 प्रत्येक का 1/4 हिस्सा तथा इसी चक के खाता सं0 147/85 में कुल 2.7140 है0 नहरी आराजी में वादीया सं0 2 व प्रतिवादीगण सं० 1 ता 3 प्रत्येक का 63/472 हिस्सा आराजी के वादीगण को ब0हि0ब0 के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाकर चकनं० 1 एफटीपी बी के जमाबन्दी संवत 2075 ता 78 के खाता सं0 102 / 86 तथा इसी चक के खाता सं0 147/85 में प्रतिवादीगण सं० 1 ता 3 का नाम कलमजन किए जाने के आदेश दिए जाते है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। तहसीलदार राजस्व टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश नहीं हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी

Scanned with CamScanner

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक ...19/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
टिब्बी

Scanned with CamScanner